## हाईप्रोफाइल सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ : ब्लैकमेलिंग कर प्लॉट-कार हड़पने का भी खुलासा..

# जाल बिछाकर जिस्मफरोशी कर रही थी सास, एजेंट था दामाद

### 8 महीने पहले स्थानीय निवासियों ने की थी शिकायत, तब नहीं हुई कार्यवाही तो बढ़ने लगा अपराधियों का हौसला

**छापामार कार्रवाई में मौके से 8 गिरफ्तार**

**आरोपियों के कब्जे से मिले 2 लाख और 3 मोबाइल**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर की यादव कॉलोनी और दीपेश कॉलोनी क्षेत्र में लंबे समय से फल-फूल रहे अवैध व अनैतिक देह व्यापार के रैकेट पर आखिरकार पुलिस का डंडा चल गया है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के कड़े निर्देशन में एसडीओपी मुगावली सनवबी खान तथा एसडीओपी अशोकनगर ıı विवेक शर्मा के नेतृत्व वाली संयुक्त टीम ने छापेमारी कर इस घिनौने धंधे का पर्दाफाश किया है। इस दौरान मौके से मुख्य आरोपी महिला सीमा अहिरवार और उसके एजेंट दामाद सहित कुल 2 महिलाओं और 6 पुरुषों को अनैतिक गतिविधियों में लिप्त पाया गया। वहीं पुलिस ने मौके से 2 लाख 10 हजार रुपये नकद और 3 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध क्रमांक 437/26 दर्ज किया गया है।

### हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग का शिकार बना



### फरियादी, हड़पे कई प्लॉट

समय पर कार्रवाई न होने का खामियाजा यह रहा कि देह व्यापार की आड़ में लोगों को फंसाने का खेल शुरू हो गया। कोतवाली थाने में दर्ज एक अन्य मामले (अपराध क्रमांक 438/26) के अनुसार, फरियादी विक्रांत जैन को आरोपी महिला सीमा अहिरवार, उसकी बेटी अंजलि अहिरवार और दामाद भारत अहिरवार ने अपने जाल में फंसाया। आरोपियों ने पीड़ित के अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने, झूठे बलात्कार के केस में फंसाने और आत्महत्या की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। इस डर का फायदा उठाकर आरोपियों ने पीड़ित से कई कीमती प्लॉट अपने नाम करवा लिए और एक अर्टिका कार भी खरीद ली। इसके बाद भी जब उनकी पैसों की भूख शांत नहीं हुई और उन्होंने और पैसों की मांग की, तब जाकर पीड़ित ने हिम्मत जुटाकर शिकायत दर्ज कराई।

## 8 महीने पहले की गई शिकायत पर वक्त रहते होती कार्रवाई, तो शुरू न होता ब्लैकमेलिंग का काला खेल

गौरतलब है कि इस इलाके के त्रस्त रहवासियों ने करीब 8 महीने पहले (नवंबर 2025 में) ही जनसुनवाई में एक शिकायती ज्ञापन सौंपकर इस समस्या से प्रशासन को अवगत कराया था। तब स्थानीय लोगों का जीना दूभर हो चुका था और वे औने-पौने दामों में अपने मकान और प्लॉट बेचकर पलायन करने को मजबूर थे। लेकिन उस समय पुलिस और प्रशासन द्वारा त्वरित व सख्त कार्रवाई न किए जाने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए। नतीजा यह हुआ कि देह व्यापार के इस दलदल के पीछे ब्लैकमेलिंग और फिरौती का एक और खतरनाक नेटवर्क खड़ा हो गया।


**यादव कालोनी की गली में चल रहा गंदा काम**

रहवासियों ने की देह व्यापार की शिकायत, ठिकाना बदलने को मजबूर लोग

टूट रहे परिवार, मजबूर लोग बेच रहे अपना आशियाना

### पुलिस की पीआर और फरार आरोपी की तलाश जारी:

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी महिला सीमा अहिरवार और उसके दामाद (जो इस रैकेट में एजेंट के रूप में ग्राहकों को लाता था) को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही मौके से 2 अन्य महिलाएं और 6 पुरुष अनैतिक कृत्य करते हुए पाए गए। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि मुख्य आरोपी महिला सीमा अहिरवार पुरानी आदतन अपराधी है और इस कृत्य की पुनरावृत्ति कर रही थी, इसलिए उसका पुलिस रिमांड (पीआर) लेकर विस्तृत पूछताछ की जाएगी ताकि इस गिरोह के अन्य नेटवर्क का पता लगाया जा सके। ब्लैकमेलिंग मामले में आरोपी सीमा और भारत को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि फरार आरोपी अंजलि अहिरवार की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। इस पूरी बड़ी कार्रवाई में एसडीओपी सनव बी खान, एसडीओपी विवेक शर्मा सहित कोतवाली पुलिस की पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही। वहीं स्थानीय लोगों ने देर से ही सही, लेकिन इस बड़ी कार्रवाई पर राहत की सांस ली है।



### कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन

**अशोकनगर।** शासकीय विधि महाविद्यालय में नेशनल टास्क फोर्स के अन्तर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ. आरके राहुल ने विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से उपचार के उपाय बताये। विद्यार्थियों में पढाई और पारिवारिक तनाव, जीवन यापन से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को कैसे दूर किया जा सकता है किसी गंभीर समस्या आने पर यदि आत्महत्या जैसे नकारात्मक विचार आते हैं तो कैसे इन समस्याओं का निदान किया जा सकता है इत्यादि मानसिक विकार संबंधी उपचारात्मक उपाय बताये। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के शाहिद खान मंसूरी नर्सिंग ऑफिसर, राहुल पाराशर मास्टर ट्रेनर एवं पूजा बघेल मास्टर ट्रेनर आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अन्त में प्रभारी प्राचार्य गरिमा राठौर ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अतिथिओं का आभार व्यक्त किया और प्रत्येक माह में इस तरह की कार्यशाला आयोजित किये जाने की बात कही। कार्यशाला में विधि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकचगर के स्टाफ सदस्यों में बहादुरसिंह डाबर, रिचर्ड डिंडोर डॉ. जयदीप पाराशर, डॉ. अनिल सिंह तोमर डॉ. जितेन्द्र सोनी एवं बलवीरसिंह जाटव आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया की पहल से मेधावी छात्रा खुशबू को छात्रावास में मिला प्रवेश

**नवभारत अशोकनगर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री व क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की संवेदनशीलता के चलते एक होनहार छात्रा का भविष्य अंधकार में जाने से बच गया। ग्राम देवरछी (नरखेड़ा) निवासी और कक्षा 9वीं में 80 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली मेधावी छात्रा खुशबू अहिरवार को अब शासकीय अनुसूचित जाति कन्या उत्कृष्ट छात्रावास मुंगावली में प्रवेश मिल गया है। दरअसल तकनीकी अड़चनों और प्रवेश की निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के कारण खुशबू का एडमिशन नहीं हो पा रहा था। जैसे ही यह गंभीर मामला केंद्रीय मंत्री सिंधिया के संज्ञान में आया, उन्होंने तुरंत प्रशासनिक अधिकारियों को नियमों के तहत त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि मेधावी छात्रा की पढ़ाई प्रभावित न हो। श्री सिंधिया के निर्देश के बाद कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में आए इस आवेदन पर प्रशासन ने युद्ध स्तर पर काम किया। छात्रावास द्वारा रिक्त सीटों के विरुद्ध 12 जुलाई 2026 को आनन-फानन में संशोधित मेरिट सूची जारी की गई, जिसमें खुशबू का नाम शामिल कर उसे प्रवेश दे दिया गया। विभाग द्वारा इसकी खुशखबरी फोन पर मिलते ही छात्रा के परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने केंद्रीय मंत्री व प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।



### नईसराय में मुख्यमंत्री दुग्ध संपर्क अभियान का तीसरा चरण प्रारंभ

**अशोकनगर।** नईसराय में मुख्यमंत्री दुग्ध संपर्क अभियान के तीसरे चरण की सोमवार से शुरुआत हुई, अभियान के तहत पशुपालन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पशुपालकों के घर पहुंचकर उन्हें कम लागत में बेहतर पशु आहार पशुओं के रखरखाव बीमारियों से बचाव और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के तरीके बता रहे हैं। विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र बाथम ने बताया कि अभियान के दो चरण पहले ही पूरे किए जा चुके हैं तीसरे चरण में विभाग का जमीनी अमला तीन से चार गाय या भैंस पालने वाले पशुपालकों से गृह बैठ करेंगे, इस दौरान उन्हें पशुओं के संतुलित आहार स्वस्थ देखभाल और वैज्ञानिक तरीके से दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान का तीसरा चरण छः दिनों तक चलेगा, जरूरत पड़ने पर इसकी अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। अभियान का उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीक से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है। इससे पहले नईसराय में एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

# अशोकनगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, 17 को पीएम मोदी करेंगे अमृत भारत स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण

### डीआरएम के निरीक्षण के दौरान बुनियादी सुविधाओं और ट्रेनों की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक और भव्य स्वरूप पा चुके अशोकनगर रेलवे स्टेशन का आगामी 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल लोकार्पण करने जा रहे हैं। सोमवार को इस ऐतिहासिक समारोह की तैयारियों का जायजा लेने भोपाल रेल मंडल के रेल प्रबंधक ( DRM) पंकज त्यागी अशोकनगर पहुंचे। इस दौरान जिला पत्रकार संघ ने क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम एक विस्तृत मांग पत्र डीआरएम को सौंपकर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और महानगरों के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की पुरजोर मांग उठाई।

**इंदौर-दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन और वंदे भारत की मांग :**

सौंपे गए ज्ञापन में जिलेवासियों की लंबे समय से चली आ रही रेल समस्याओं को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। पत्रकार संघ ने इंदौर और देश की राजधानी दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन चलाने, भोपाल से अशोकनगर-गुना होते हुए दिल्ली के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने या मुंबई वंदे भारत को इस रूट से डाइवर्ट करने की मांग की। इसके अलावा कोरोना काल से बंद कोटा-जबलपुर ट्रेन को बहाल करने, कोटा-हिसार ट्रेन का बीना तक विस्तार करने, झांसी से इंदौर के बीच नई मेमू/ओवरनाइट एक्सप्रेस और प्रयागराज के लिए सीधी ट्रेन शुरू करने की बात कही। साथ ही, रुठियाई-बीना पैसेंजर का समय सुबह 8:40 बजे करने की मांग की गई ताकि इंदौर से आने वाले बुजुर्ग व बीमार यात्रियों को कनेक्टिंग ट्रेन पकड़ने में आसानी हो।



**स्टेशन पर बुनियादी जन-सुविधाएं बढ़ाने पर जोर :**

सौंदर्यीकरण के बीच स्टेशन की बुनियादी कमियों पर ध्यान आकर्षित कराते हुए संघ ने परिसर में महिला-पुरुषों के लिए आधुनिक सुलभ कॉम्प्लेक्स के निर्माण, गायब हो चुके समय-सारणी बोर्ड को तुरंत लगाने, हाई मास्ट लाइट की व्यवस्था करने और 10 करोड़ की लागत से स्वीकृत 40 फीट चौड़े ओवरब्रिज का काम तत्काल शुरू कराने की मांग की। इसके साथ ही प्लेटफार्म नंबर 2 पर वेटिंग हॉल व टिकट खिड़की शुरू करने, प्लेटफार्म नंबर 4 का निर्माण करने, चंदेरी व थूबोन जी जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का सूचना मानचित्र (शिलालेख) लगाने और निर्माण के दौरान हटाए गए महापुरुषों के स्मारकों को आदर सहित पुन: स्थापित करने की मांग रखी गई।

## रेस्टोरेंट, पान मसाला गुमठी का चादर तोड़ चोरो ने उड़ाया हजारों का सामान

**शाढ़ौरा-नईसराय फाटक क्षेत्र को बनाया निशाना**

**ताला तोड़ने में असफल रहे तो उखाड़ा टीनशैड**

**शाढौरा।** शाढौरा नईसराय रोड रेलवे फाटक के पास स्थित एक रेस्टोरेंट पान मसाला गुमटी को चोरों ने निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की सामग्री की चोरी की घटना को अंजाम दिया। स्थानीय रेलवे फाटक के पास शाढौरा निवासी जीतू यादव नईसराय जाने बाले रेलवे फाटक के सामने पोहा - चाय समोसा - ,कचोडी-पकोडी बनाकर टीन की गुमटी मे अपना व्यवसाय करते है। गुमटी के ठीक सामने रेलवे फाटक के पास रेलवे गेटमैन की ड्यूटी होने के कारण बीते रचिवार की रात अज्ञात चोर गुमटी का ताला तोडने में तो असफल रहे मगर टीन की चादर उखाड़कर उसमें रखा हजारों का सामान उठा ले गए । वही गुमटी में रखी ग्राहकों की उधारी खाता बुक भी फाड़ गए। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस थाने रिपोर्ट दर्ज की है । इधर चोरी की बढ़ी घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा गया जानकारी के अनुसार शाढौरा नईसराय रोड रेलवे फाटक के पास जीतू यादव की रेस्टोरेंट जो टीन की गुमटी है टीन की गुमटी में लगे टीन की चदरे को उखाड़कर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। इस घटना में चोरों ने गुमटी से शक्कर - बिमल - राज श्री पान मसाले, बिस्किट, - बेसन- तेल की पैकेट मैदा व अन्य सामान सहित कुछ रुपए नगदी सहित 5 से 6000 रुपये की सामग्री का सामान चोरी कर ले गए।



## कुत्तों के हमले से भागा हिरण धान के खेत में फंसा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** सोमवार सुबह बहादुरपुर क्षेत्र के खोपरा गांव के खेतों में एक काले हिरन को झुंड से अलग होते ही कुत्तों ने घेर लिया। कुत्तों ने हिरन की पीठ पर दांत गड़ा दिए, जिनसे बचकर हिरन भागा तो धान के एक खेत में फंस गया, जहां दलदल था। सूचना मिलने पर किसान सुमित शर्मा खेत पर पहुंचे और कुत्तों को मौके से भगाया। इसके बाद उन्होंने वन अमले को सूचित किया और दो घंटे तक हिरन की सुरक्षा करते रहे। अंतत: वनकर्मी अजहर खान अमले के साथ पहुंचे और हिरण को खेत से सुरक्षित बाहर निकाल लाए। इधर पशु चिकित्सक डॉ जितेंद्र केमडिया खेत किनारे पहुंच गए थे, जिन्होने सड़क पर ही हिरन का प्राथमिक उपचार किया। वनपाल राजीव रघुवंशी ने बताया है कि हिरन को उपचार के बाद निगरानी में रखा है। बता दें खोपरा, सोपरा, मिर्जापुर, बाबरौद, गोरा और खिरिया गांवों के खेतों में हिरणों के कुछ झुंड हैं। जो धान की खेती के कारण दलदल में फंस जाते हैं और कई बार हिंसक जीवों का शिकार बन जाते हैं।



## सीएम पर अभ्रद भाषा पर भड़का यादव समाज

**गली-गलौच का दतिया से वीडियो हुआ वायरल**

**समाज ने पिपरई थाने में दिया आवेदन,FIR की मांग**

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खिलाफ दतिया जिले में विरोध प्रदर्शन के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी और गाली-गलौज का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।**

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यादव समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के बैनर तले सामाजिक बंधुओं ने पिपरई थाना प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ तत्काल FIR दर्ज करने की पुरजोर मांग की है।

थाना प्रभारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में महासभा ने उल्लेख किया है कि दतिया में विरोध प्रदर्शन के समर्थन के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों ने प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के खिलाफ खुलेआम अमर्यादित और गाली-गलौज वाली भाषा का इस्तेमाल किया। वीडियो में साफ दिख रहे उस व्यक्ति की पहचान कर उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। यादव समाज इसकृत्य की घोर निंदा करता है और इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस दौरान यादव महासभा के जिला अध्यक्ष खलक सिंह (सरपंच), कार्यकारी जिला अध्यक्ष जयमंडल सिंह (रिजौदा), युवा जिला अध्यक्ष रामेश्वर जटौली, जिला उपाध्यक्ष नंदलाल सिंह पीपरेसरा और मुंगावली नगर अध्यक्ष दशरथ सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



**बैठक**

**श्री लवकुश जयंती चल समारोह की तैयारियां शुरू, सर्वसम्मति से कार्यकारिणी गठित**

## जगदीश बने अध्यक्ष, नरेंद्र को मिली कोषाध्यक्ष की कमान

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** शहर के श्री लव-कुश मंदिर में सोमवार को कुशवाह समाज संगठन समिति, महिला संगठन और श्री लव-कुश युवा संगठन की एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। राजेंद्र बलवीर कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में समाज के गौरवशाली इतिहास और परंपरा को समेटे श्री लव-कुश जयंती चल समारोह को भव्य रूप से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में उपस्थित सामाजिक बंधुओं और पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 1 सितंबर 2026 मंगलवार को शहर में भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। वहीं कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक बनाने के लिए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नई कार्यकारिणी में जगदीश कुशवाहा (पिपरई वाले) को चल समारोह समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं व्यवस्थाओं और वित्तीय प्रबंधन को मजबूती देने के लिए नरेंद्र सिंह (कल्लू) मगरदा चौराहा को कोषाध्यक्ष तथा कमलेश (राजू) कुशवाहा चिरोला को सह-कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समाज के वरिष्ठों ने नवगठित टीम को बधाई देते हुए चल समारोह को सफल बनाने के लिए अभी से जुटने का आह्वान किया है।



### हस्त पुस्तिका संबंधी प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर।** आगामी जनगणना कार्यो को प्रभावी एवं त्रुटिरहित संचालन के उद्देश्य से सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी साकेत मालवीय की उपस्थिति में जनगणना हस्त पुस्तिका संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। जिला जनगणना हस्त पुस्तिका(डीसीबीएच) संबंधी प्रशिक्षण राजस्व अधिकारियों को जिला जनगणना प्रभारी जमील खान तथा मास्ट्रीर ट्रनर्स मनोज सैनी द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में जिला जनगणना हस्त पुस्तिका से संबंधित,आवश्यक आकड़ों के संकलन, सत्यापन, संकलित जानकारी के संधारण तथा निर्धारित प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## मेंटेनेंस कार्य के चलते पुरानी कलेक्ट्रेट फीडर पर रहेगी दो घंटे बिजली की कटौती

**अशोकनगर।** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, अशोकनगर द्वारा आवश्यक रखरखाव (मेंटेनेंस) कार्य के चलते शहर के कई इलाकों में बिजली कटौती की घोषणा की गई है। बिजली कंपनी के सहायक प्रबंधक (शहर) द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, दिनांक 14 जुलाई मंगलवार को पुरानी कलेक्ट्रेटफीडर पर मेंटेनेंस का काम किया जाना तय हुआ है। इस रखरखाव कार्य की वजह से कल सुबह 10:00 बजे से लेकर दोपहर 12:00 बजे तक (कुल 2 घंटे) संबंधित क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय पूरी तरह बाधित रहेगा। वहीं बिजली कटौती के कारण मुख्य रूप से आजाद मोहल्ला, बोहरे कॉलोनी, कृष्णा एवेन्यू कॉलोनी, मुस्कान पब्लिक स्कूल, बसंत बिहार कॉलोनी और अशोका हॉस्पिटल आदि के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। वहीं कंपनी ने स्पष्ट किया है कि काम की आवश्यकता को देखते हुए शटडाउन का यह समय घटाया या बढ़ाया भी जा सकता है।